एक नजर में

सामाजिक सेवाओं के लिए नाईक को किया सम्मानित

इंदौर . होटल अमर विलास में हुए एक समारोह में लायंस क्लब ऑफ इंदौर सिटी के द्वारा दीपक विभाकर नाईक रक्तदीप को उनके द्वारा ऑन पेपर 144 बार पूर्ण रक्तदान, 7 बार प्लेटलेट्स डोनेशन करने और रक्तदान के क्षेत्र में विगत 35 वर्षों से की जा रही नि :स्वार्थ सामाजिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया . लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल खंडेलवाल ने साधुप्रसाद नामदेव, क्लब अध्यक्ष नीतू असाटी और चेयरपर्सन दिलीप माटा की उपस्थिति में प्रदान किया . सम्मान के रूप में उन्हें माला, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया . उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी दीपक नाईक को स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की अनेक संस्थाओं के द्वारा सम्मानित किया जा चुका है .

नराकास बेंगलूरु को प्रथम पुरस्कार

इंदौर . राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इंदौर में आयोजित मध्य, पश्चिम एवं दक्षिणी क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान नराकास (बैंक व बीमा) बेंगलूरू (संयोजक- केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय) को नराकास राजभाषा सम्मान के तहत प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया . समिति के अध्यक्ष हरदीप सिंह अहलूवालिया, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रभारी) ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार के करकमलों से शील्ड व सदस्य सचिव नराकास श्रीमती श्रीकला श्रीकुमार, सहायक महाप्रबंधक ने माननीय सांसद श्री शंकर लालवाणी के कर कमलों से प्रमाणपत्र प्राप्त किया।

फूड फेस्टिवल में मिलेगा विभिन्न राज्यों का स्वाद

इंदौर . भारत की सांस्कृतिक विविधता और क्षेत्रीय खाद्य विरासत को एक ही छत के नीचे लाने की पहल के रूप में फेयरफील्ड बाय मैरियट इंदौर में 16 से 26 जनवरी तक 'द ग्रेट इंडियन पैलेट- ए 28-स्टेट क्यूलिनरी ओडिसी' का विशेष फूड फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा है . होटल के प्रमुख डाइनिंग आउटलेट 'कावा' में आयोजित यह फेस्टिवल मेहमानों को शाब्दिक रूप से भोजन के माध्यम से भारत दर्शन का अनुभव करवाएगा . फूड फेस्टिवल का उद्देश्य देश के 28 राज्यों की रेसिपी, तकनीक, मसाले, पकाने के तरीकों और क्षेत्रीय खानपान की आत्मा को मेहमानों तक पहुँचाना है . होटल मैनेजर सुदीप सिन्हा ने कहा भारत की असली खूबसूरती उसकी विविधता में है, और भोजन इस विविधता को समझने का सबसे सहज माध्यम है . 'द ग्रेट इंडियन पैलेट' के माध्यम से हमारा प्रयास है कि मेहमानों को ऐसा अनुभव दिया जाए जो उन्हें अपने राज्य, अपने शहर और अपनी रसोई की याद दिलाए . प्रत्येक व्यंजन क्षेत्रीय मसालों, पारंपरिक तकनीकों और उसी मौलिकता के साथ तैयार किया जा रहा है, जैसे घरों में पीढ़ियों से पकाया जाता रहा है . 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर फेस्टिवल का समापन एक विशेष 'यूनिटी ब्रंच' के साथ होगा, जिसमें तिरंगे थीम पर आधारित भारत के सिग्नेचर व्यंजनों का बड़ा स्प्रेड और देशभक्ति का माहौल मेहमानों का स्वागत करेगा .

तीन दिवसीय नेशनल हिप कोर्स और इंडोकॉन 23 से

इंदौर . तीसरे नेशनल हिप कोर्स और इंडोकॉन 2026 की शुरुआत 23 जनवरी से होने जा रही है . तीन दिवसीय यह आयोजन 25 जनवरी तक चलेगा, जिसमें देशभर के ऑर्थोपेडिक सर्जन, जॉइंट रिप्लेसमेंट एक्सपर्ट्स, रेज़िडेंट डॉक्टर और रिसर्चर्स भाग लेंगे . कोर्स और कॉन्फ्रेंस हिप सर्जरी, ट्रॉमा केयर, आधुनिक तकनीकों और उभरती प्रैक्टिस पर केंद्रित होगी . इंडोकॉन में पहली बार इंदौर में लेटेस्ट टेक्निक और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञता एक साथ देखने को मिलेगी . कैडेवर कोर्स में 100 से अधिक डेलीगेट्स भाग लेंगे और इंग्लैंड, साउथ कोरिया और कनाडा से तीन इंटरनेशनल फैकल्टी रहेंगी . कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन डॉ . हेमंत मंडोवरा ने कहा कि इन तीन दिनों में शहर की ऑर्थोपेडिक और सर्जिकल फील्ड की बढ़ती हुई क्षमता देखने को मिलेगी . हमारा फोकस 'हिप प्रिज़र्वेशन' पर रहेगा, जो युवा मरीजों में प्राकृतिक जोड़ सुरक्षित रखने में मदद करती है . इसके अलावा कॉम्प्लेक्स हिप रिप्लेसमेंट, रिवीज़न आर्थ्रोप्लास्टी और रोबोटिक सर्जरी पर भी सेशन्स रखे गए हैं . कॉन्फ्रेंस के सेक्रेटरी और दूरबीन सर्जरी विशेषज्ञ डॉ . अर्जुन जैन ने बताया कि 23वीं इंडोकॉन का उद्देश्य पारंपरिक ऑर्थोपेडिक्स को उभरती तकनीकों के साथ जोड़ना है . इस वर्ष पहली बार यूके से आए डॉ . मालवीया के साथ मिलकर कैडेवर पर हिप आर्थ्रोस्कोपी का लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी होगा, जो युवा सर्जनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण अनुभव रहेगा . 23 जनवरी को कार्यक्रम की शुरुआत इरकाड इंडिया में कैडेवरिक वर्कशॉप से होगी, जहाँ सरजन्स को कॉम्प्लेक्स हिप सर्जरी की हैंड्स ऑन ट्रैनिंग दी जाएगी। कोर्स कन्वेनर डॉ . अभिजीत पंडित ने बताया कि इस वर्ष वैज्ञानिक सेशन्स में बायोमैकेनिक्स, इम्प्लांट डिजाइन, रिसर्च आधारित इनोवेशन और सर्जिकल टेक्नोलॉजी पर विशेष जोर दिया जाएगा . कॉन्फ्रेंस के साइंटिफिक चेयरमैन डॉ . एस . के . लुनावत ने बताया कि इस बार सम्मेलन की थीम एवरीथिंग अराउंड हिप रखी गई है .

पटाखा फैक्ट्री पर छापा, विस्फोटक सामग्री जब्त

कलेक्टर के निर्देश पर की गई कार्रवाई

इंदौर. ग्राम जलोदिया पार में अवैध रूप से संचालित पटाखा फैक्ट्री पर प्रशासन ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की. बिना लाइसेंस और सुरक्षा इंतजामों के चल रही इस अवैध पटाखा फैक्ट्री पर जिला प्रशासन और पुलिस की टीम ने छापा मारा. कार्रवाई के दौरान पटाखा बनाने में इस्तेमाल होने वाली बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री मिली, जिसे जब्त किया गया. यह कार्रवाई कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में की गई.

दरअसल, कलेक्टर शिवम वर्मा को इस अवैध पटाखा फैक्ट्री की सूचना मिली थी. सूचना की पुष्टि के लिए कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम देपालपुर राकेश मोहन त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर दीपक सिंह चौहान, तहसीलदार बलवीरसिंह राजपूत, एसडीओपी देपालपुर संघमित्र सम्राट एवं पुलिस व राजस्व विभाग के कर्मचारियों के साथ संयुक्त रूप से मौके का स्थल निरीक्षण किया गया. निरीक्षण में उक्त स्थल पर बिना वैध अनुमति लाइसेंस के पटाखा निर्माण होना पाया गया. साथ ही सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से मौके पर कोई संसाधन भी उपलब्ध नहीं पाए गये.

छापे में यह विस्फोटक सामग्री मिली

सुतली के बंडल 12 बोरी-प्रत्येक में 6 नग खुले हुए करीब 20 नग, 55 प्लास्टीक ट्रे, पुस्टे के बारुद भरने की बोरी, एक प्लास्टिक की बोरी में रबड़ बैंड, एक बोरी में हरा कलर (सूखा), 6 बोरी सफेद पीला केमिकल पावडर, 2 बोरी पेक सल्फर पावडर, 6 बोरी टाट की, जिसमें पिला केमिकल पावडर, 2 स्टील डब्बे में एल्युमिनियम पावडर, 3 प्लास्टिक की ट्रे में खुला बारुद पाया गया . सभी सामग्री जब्त कर सील कर दी .

एक माह पूर्व भी इस फैक्ट्री पर हो चुकी है कार्रवाई

उक्त स्थल पर पूर्व में भी अवैध फटाका निर्माण पकड़ा गया था और इस फैक्ट्री के संचालक संजय पिता विनोद के विरुद्ध विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1884 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था. स्थल पर गत 17 दिसम्बर 2025 को भी अवैध फटाका निर्माण की शिकायत पर कच्ची सामग्री एवं तैयार अवैध पटाखे की जप्ती की कार्रवाई की गई थी.

गंदगी में बन रहा था पनीर, घी और क्रीम

- खाद्य विभाग ने साफ-सफाई और लाइसेंस नियमों का उल्लंघन पाया
- 150 किलो पनीर सहित 600 किलो से ज्यादा सामग्री जब्त

इंदौर. खानपान के शहर कहे जाने वाले इंदौर में लगातार मिलावटी और नकली खाद्य सामग्री के मामले सामने आ रहे हैं. खाद्य विभाग की टीम ने घी और पनीर तैयार करने वाली एक दूध डेयरी पर छापेमारी की कार्रवाई की. इस दौरान मौके पर गंदगी में तैयार किया जा रहा 150 किलो पनीर और इतना ही घी भी जब्त किया गया है. कलेक्टर के निर्देश पर मंगलवार को खाद्य विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई की तथा सैंपलिंग कर नमूने जांच के लिए लैब भेजे हैं.

प्राप्त जानकारी अनुसार, जब टीम ने डेयरी और नमकीन सेंटर के अंदर निरीक्षण और जांच की तो अनियमितताओं का खुलासा हुआ. प्रतिष्ठान में पनीर-घी और क्रीम का निर्माण बेहद गंदगी भरे हालातों में होते पाया गया. निरीक्षण के दौरान पनीर, क्रीम और तेल के नमूने जांच हेतु लिए गए. जबकि संदेह के आधार पर करीब 150 किलो पनीर, 300 किलो क्रीम और 150 किलो घी जब्त किया गया.

अनियमितताएं मिलने पर खाद्य विभाग ने प्रतिष्ठान कराया बंद

खाद्य विभाग की टीम ने पाया कि प्रतिष्ठान में न तो साफ-सफाई के मानकों का पालन किया जा रहा था और न ही खाद्य लाइसेंस की शर्तों का . फर्श, बर्तन और निर्माण स्थल पर गंदगी फैली हुई थी . वहीं, कर्मचारियों द्वारा बिना किसी सुरक्षा मानक के खाद्य पदार्थ तैयार किए जा रहे थे . उपभोक्ताओं की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा था . अधिकारियों ने इसे सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए प्रतिष्ठान को तत्काल प्रभाव से सुधार होने तक बंद करा दिया .

मालवीय नगर खाटू श्याम मंदिर पर नए नोटों से होगा गर्भ गृह का श्रृंगार

इंदौर. एबी रोड मालवीय नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर पर इस बार 23वें बसंतोत्सव के उपलक्ष्य में 11 किस्म के फूलों से श्याम बाबा के रथ एवं मंदिर में विराजित सभी देवी-देवताओं का दिव्य श्रृंगार किया जाएगा. इसके लिए दिल्ली, मथुरा एवं कोलकाता से पुष्प बुलवाए जा रहे हैं. पहली बार श्याम बाबा के गर्भ गृह का सवा लाख रुपए मूल्य के नए नोटों से श्याम भक्त नाना राठौड एवं उनके साथियों द्वारा आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा. इन करंसी नोटों में पांच सौ से लेकर सभी तरह के छोटे-बड़े नए नोट शामिल रहेंगे. उज्जैन के महाकाल मंदिर की भस्मरमैया डमरू मंडली के कलाकार भी शोभा यात्रा में भक्ति भाव से भरपूर प्रस्तुतियां देते हुए सड़कों पर श्याम भक्तों के साथ चलेंगे.

खाटू श्याम सेवक समिति के संरक्षक मदनलाल शर्मा, रामकुमार अग्रवाल एवं सुरेश रामपिपलिया ने बताया कि 23 जनवरी को सुबह 9 बजे मालवीय नगर स्थित मंदिर से भव्य श्याम रथयात्रा निकाली जाएगी जो नादिया नगर, अटल द्वार पाटनीपुरा, भमोरी होते हुए पुन: मंदिर पहुंचेगी. मंदिर में आरती और प्रसाद वितरण होगा. श्याम रथयात्रा का मार्ग में अनेक मंचों से स्वागत होगा। इसके साथ ही मंदिर स्थित राम दरबार, शिव दरबार, निराले हनुमान दरबार, तेजाजी दरबार, शीतलामाता दरबार एवं शनिदेव दरबार सहित विभिन्न देवी-देवताओं का पुष्प बंगला भी दिल्ली, मथुरा एवं कोलकाता से बुलवाए जा रहे रजनीगंधा, गेंदा, सेवंती, आर्केड, गुलाब, जरबरा, कारनेशन, जिप्सो एवं एन्थोरियम सहित 11 किस्म के फूलों से सजाया जाएगा.

आयुक्त ने किया पीएमआरवाय निर्माणाधीन परिसरों का निरीक्षण

नव भारत न्यूज

इंदौर। निगम आयुक्त ने आज सुपर कॉरिडोर के आगे बांगड़दा क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माणाधीन भवनों का दौरा किया । इस दौरान निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य में देरी करने पर फटकार लगाई । साथ ही काम तेजी से करने के निर्देश दिए।

नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने एयरपोर्ट क्षेत्र के बांगड़दा में सतपुड़ा,गिरनार एवं शिप्रा परिसर का निरीक्षण किया गया। उक्त क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के भवनों का निर्माण चल रहा है। मौके पर कुछ परिसरों में निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुसार पूरा होना नहीं पाया गया । इसको लेकर आयुक्त ने संबंधित ठेकेदारों को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्य में देरी पर नाराजगी व्यक्त की । निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

आयुक्त सिंघल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों का उद्देश्य पात्र नागरिकों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं सुविधायुक्त आवास उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों एवं ठेकेदारों को समन्वय के साथ कार्य तय समय-सीमा में कार्य पूरा करना अनिवार्य है। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अर्थ जैन, उपायुक्त केशव सगर सहित जनकार्य और पीएमआरवाय विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

भाषा बाधा नहीं सेतु बने : बंडी संजय कुमार

- देवी अहिल्या विश्वविद्यालय परिसर में क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन

इंदौर. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय परिसर में मध्य, पश्चिम, दक्षिण और दक्षिण पश्चिम क्षेत्रों का संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित किया गया. केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन की अध्यक्षता की. सम्मेलन में दक्षिण एवं दक्षिण-पश्चिम क्षेत्रों में स्थित विभिन्न बैंकों, उपक्रमों, कार्यालयों को राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कृत किया गया. सम्मेलन में कुल 80 पुरस्कार प्रदान किए गए. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों को नराकास राजभाषा सम्मान से सम्मानित किया गया.

केन्द्र सरकार के कार्यालयों, बैंकों एवं उपक्रमों को विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पुरस्कार प्रदान किए गए. अतिथिगण- गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार, सांसद शंकर लालवानी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राकेश संघई हिंदी विद्वान जे. एल. रेड्डी व वरिष्ठ साहित्यकार नर्मदा प्रसाद उपस्थित थे. कार्यक्रम के अध्यक्ष गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें यह ध्यान रखना है कि भाषा बाधा न बने सेतु बने. प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ते हुए आत्मनिर्भरता की ओर दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है. आज राजभाषा विभाग केवल अनुपालन का विभाग नहीं रहा, बल्कि नवाचार और तकनीकी सशक्तिकरण का अग्रदूत बन चुका है. मध्य, पश्चिम, दक्षिण और दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के निष्पादन हेतु पुरस्कार विजेताओं को प्रमाण पत्र तथा शील्ड देकर सम्मानित किया गया. सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि इंदौर महात्मा गांधी जी के हिंदी आंदोलन की भी भूमि रहा है.

हिंदी के प्रयोग में आमूल-चूल परिवर्तन आया

सचिव राजभाषा विभाग ने स्वागत संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व और विरासत पर गर्व एवं गुलामी की जंजीर से मुक्ति के आह्वान से देश में हिंदी के प्रयोग में आमूल-चूल परिवर्तन आया है . अब राजभाषा का कार्य केवल आदेशों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह तकनीक के माध्यम से आगे बढ़ रहा है . वरिष्ठ साहित्यकार नर्मदाप्रसाद उपाध्याय ने कहा कि हमें हिंदी को विश्व के ललाट पर दमकती बिंदी के स्थान पर पहुंचाने का संकल्प लेना होगा . तेलुगु भाषी हिंदी विद्वान प्रोफ़ जे .एल रेड्डी ने कहा दक्षिण में हिंदी का समृद्ध इगिहास है . हिंदी ने हमें बनाया है . हिंदी ने बहुत दक्षिण भारतीयों के लिए आजीविका का द्वार खोला है .

24 घंटे में 13 वाहन चोरी, तुकोगंज थाना क्षेत्र से सबसे ज्यादा चुराए

इंदौर. शहर में वाहन चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है. बीते 24 घंटे के भीतर अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 13 दोपहिया वाहन चोरी होने के मामले दर्ज किए हैं. सबसे ज्यादा वारदातें तुकोगंज थाना क्षेत्र में सामने आई हैं, जहां अकेले 6 वाहन चोरी हुए हैं.

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार विजयनगर क्षेत्र से मोटरसाइकिल नम्बर एमपी 09 वीएस 7209 चोरी हुई. लसूड़िया क्षेत्र में वाहन नम्बर सीजी 11 एटी 4333 की बाइक अज्ञात बदमाश उड़ा ले गए. तुकोगंज थाना क्षेत्र से सबसे अधिक वाहन चोरी की घटनाएं दर्ज की गईं, जहां से एमपी 09 यूसी 2928, एमपी 09 एनसी 5565, एमपी 09 एएन 5976, एमपी 09 क्यूके, एमपी 09 क्यू व्हाय 7542 और एमपी 09 क्यूएल 3580 नंबर की मोटरसाइकिलें चोरी हो गईं. इसी तरह छोटी ग्वालटोली क्षेत्र में एमपी 09 एव्हाय 9580 नंबर की बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है.

हीरानगर क्षेत्र से दो अलग अलग मामलों में एमपी 09 एवी 9720 और एमपी 09 एजेड 8824 नंबर की मोटरसाइकिलें है. जबकि जूनी इंदौर क्षेत्र से एमपी 09 क्यूव्हाय 3144 नंबर की बाइक चोरी हुई है. भंवरकुआं क्षेत्र में भी वाहन चोर सक्रिय रहे, जहां से एमपी 09 एयू 3034 और एमपी 09 डीएक्स 5219 नंबर की मोटरसाइकिलें चोरी होने के मामले सामने आए हैं. लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस का कहना है कि संदिग्धों की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और वाहन चोर गिरोहों पर नजर रखी जा रही है.

चार बाइक बरामद, आरोपी धराए

इंदौर . तुकोगंज थाना क्षेत्र में 18 जनवरी को भारत-न्यूजीलैंड के बीच खेले गए क्रिकेट मैच के दौरान हुई मोटरसाइकिल चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है . मामले में पुलिस ने अंबेडकर नगर निवासी 40 वर्षीय विजय पिता हुकुमचंद बिजोरे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की चार बाइक जब्त की हैं . थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है, उससे अन्य चोरी की बाइक भी मिलने की संभावना है .

एक नजर में | औद्योगिक क्षेत्र में श्रेष्ठ कीर्तिमान बनाने वाले उद्यमियों को अतिथियों ने किया सम्मानित

ई- कचरे की समस्या सुलझाने में प्लास्टिक रिप्रोसेस के उद्यमियों का बड़ा योगदान

इंदौर. ई-कचरे की समस्या आज पूरे विश्व में तेजी से बढ़ रही है. प्लास्टिक रिप्रोसेस ग्रेनुअल मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन से जुड़े उद्यमी इस ई-कचरे की समस्या के समाधान में बड़े भागीदार बन रहे हैं, यह प्रसन्नता की बात है. इस दिशा में एसोसिएशन द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय माने जाना चाहिए। ई-कचरे से नए और उपयोगी उत्पाद बनाने से पर्यावरण और अर्थव्यवस्था, दोनों को लाभ होता है. इस उद्योग श्रेणी में अब युवाओं को भी आगे आने की जरूरत है क्योंकि रिसायकलिंग उद्योग नए रोजगार के अवसर प्रदान करता है.

ये विचार हैं सांसद शंकर लालवानी के, जो उन्होंने प्लास्टिक रिप्रोसेस ग्रेनुअल मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन के होटल सयाजी में आयोजित वार्षिक स्नेह मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए. एसो ऑफ़ इंडस्ट्रीज एमपी के अध्यक्ष योगेश मेहता, भाजपा के नगर कोषाध्यक्ष सचिन बंसल, शिक्षाविद स्वप्निल कोठारी, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबन्धक स्वप्निल गर्ग के विशेष आतिथ्य में इस अवसर पर औद्योगिक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले उद्यमियों का सम्मान भी किया गया. प्रारंभ में एसो. के अध्यक्ष गुरवीर सिंह ने संगठन की विभिन्न गतिविधियों का विवरण दिया और अतिथियों का स्वागत किया. विशिष्ट अतिथि योगेश मेहता ने प्लास्टिक उद्योग की खपत एवं उत्पादन में वृद्धि के साथ अपशिष्ट प्रबंधन का महत्व बताया. स्वप्निल कोठारी ने सुझाव दिया कि उद्योग अपनी क्षमता बढाएं और अपनी साधना से संसाधनों पर विजय प्राप्त करें. सचिन बंसल, स्वप्निल गर्ग, पुष्पेन्द्र सोलंकी, मयूर मसंद, योगेन्द्र रायकवार सहित अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखे। एसो. के सचिव रुचिल डोसी ने कार्यक्रम और संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला.

इनको किया सम्मानित

इस अवसर पर एसो . की ओर से श्रेष्ठ कीर्तिमान बनाने वाले उद्यमी और संगठन के अध्यक्ष गुरवीर सिंह, उद्योगपति वीरू सेन, मोहन सिंह पंवार एवं राजन सिंह पंवार, ओमप्रकाश जैन, लोकेश जैन, विकास जैन , अशोक यादव को अतिथियों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर एसो ऑफ़ इंडस्ट्रीज एमपी के तरुण व्यास, प्रमोद डफरिया, सतीश मित्तल, अजय दसोंधी, मधुसूदन भल्लिका सहित 200 से अधिक उद्योगपति उपस्थित थे . अंत में जतिन दीवान ने आभार माना।

SMFG Grihashakti
Nayi Asha. Naya Vishwas.

एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कं . लिमिटेड

कार्पोरेट आफिस : 503 एवं 504, पांचवी मंजिल, जी ब्लाक, इन्सीप्रे बीकेसी, बीकेसी मेन रोड बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स बांद्रा (ई) मुंबई- 400051
रजि . आफिस : कमरजोन आईटी पार्क, टॉवर-बी, प्रथम तल नं . 111, माउंट पूनमल्ली पूउर चेन्नई-600116, तमिलनाडु

अचल संपत्ति के लिए कब्ज़ा नोटिस [(परिशिष्ट IV) नियम 8(1)]

जबकि अधोहस्ताक्षरी एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कं . लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है, जो एक हाउसिंग फाइनेंस कंपनी है [राष्ट्रीय आवास बैंक के साथ विधिवत पंजीकृत (आरबीआई द्वारा पूर्ण स्वामित्व वाली)] (इसके बाद इसे 'एसएमएचएफसी' के रूप में जाना जाता है) वित्तीय संपत्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54), और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए डिमांड नोटिस जारी किया गया . उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत नीचे उल्लिखित दिनांक में आपसे उधारकर्ता (नीचे उल्लिखित नाम) होने के नाते उक्त नोटिस में उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाने का आह्वान किया गया है . राशि चुकाने में विफल रहने पर, नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने निम्न के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा ले लिया है, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 उपधारा (4) के तहत . विशेष रूप से यहां ऊपर उल्लिखित उधारकर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे उक्त संपत्ति और इसके साथ कोई भी लेन-देन न करें . संपत्ति नीचे उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए 'एसएमएचएफसी' के शुल्क के अधीन होगी .

क्र .	उधारकर्ता/गारंटर(ओं) का नाम लैन	सुरक्षित संपत्तियों का विवरण (अचल संपत्ति)	मांग सूचना दिनांक एवं राशि	कब्जे की तिथि
1	लैन - 601707510326404 1 . शाहनवाज बेग 2 . सफदर बेग 3 . कोसरा परवीन 4 . एम्पायर रेस्तरां	बेगम बाग कॉलोनी (हरि फाटक महाकाल मार्ग योजना), उज्जैन में स्थित प्लॉट संख्या 51 के उत्तरी भाग का पूरा हिस्सा, जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं- पूर्व- आवासीय मकान संख्या 22, पश्चिम- सड़क, उत्तर- आवासीय मकान संख्या 52, दक्षिण- शेष भाग उक्त संपत्ति 111.50 वर्ग मीटर.	13.10.2025 रुपये 37,48,991.91 (रु. सैंतीस लाख अड़तालीस हजार नौ सौ इक्यानवे और इक्यानवे मात्र) दिनांक 08.10.2025	20.01.2026
2	लैन- 604640111376197 1 . सद्दाम शाह 2 . हीना बी 3 . समीना बी 4 . मुमताज शाह 5 . आरिफ शाह	एक ही संपत्ति, आवासीय सह व्यावसायिक नया मकान संख्या 63, पुराना मकान संख्या 58, निर्मित सर्वेक्षण संख्या 242, ग्राम नमली, तहसील और जिला रतलाम में स्थित भूमि पर निर्मित . संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं- पूर्व- रामचंद्र भेरा जी माली का मकान, पश्चिम- कालू सुतार का मकान, उत्तर- पारस जी की भूमि, दक्षिण- सड़क . क्षेत्रफल 775 वर्ग फुट.	13.10.2025 रु . 20,64,741.98/- (रु. बीस लाख चौंसठ हजार सात सौ इकतालीस और पैसा अन्ठानवे मात्र) दिनांक 08.10.2025	16.01.2026

स्थान- उज्जैन, रतलाम
दिनांक- 20-1-2026/16-1-2026

एसडी/-, प्राधिकृत अधिकारी
एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कं. लिमिटेड